लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4264

दिनांक 13.12.2019 को उत्तर दिए जाने के लिए

अवैध कार्य

†4264. श्रीमती रमा देवी:

श्रीमती रंजीता कोली:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कई छोटे व्यवसायियों ने शिल्प संबंधी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए हस्तशिल्प आयुक्त कार्यालय के भ्रष्ट अधिकारियों की मिलीभगत से कारीगरों के लिए पहचान-पत्र जारी करा लिया है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा ऐसे अवैध कार्यों की छानबीन कराए जाने की संभावना है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

उत्तर

वस्त्र मंत्री

(श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी)

(क) से (ङ): जी नहीं| "पहचान कार्ड" नामक आधार पर आधारित पहचान पत्र वास्तविक कारीगरों को उचित जांच-पड़ताल तथा राज्य सरकारों के प्रतिनिधि के साथ समन्वयन में जारी किए जाते हैं।

****